हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

04 सारेगामापा की संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ किया...



08 सैकड़ों शिक्षकों-कर्मचारियों को नहीं मिल...






## कड़ाके की ठंड में बेतवा नदी के घाटों पर स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु

# बेतवा के घाट पर 25 हजार लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी, गोताखोर भी रहे तैनात





विदिशा। गुरुवार अल सुबह से ही बेतवा के बड़वाले घाट पर हजारों श्रद्धालु महिलाओं ने स्नान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुरुवार का दिन और मकर संक्रांति का पावन पर्व बेतवा के घाट-घाट पर उत्साह के साथ मनाया गया। करीब हजारों श्रद्धालुओं ने मां बेतवा में डुबकी लगाई। घाट पर बैठे गरीब जरुरतमंद लोगों को दान पुण्य देकर पूजा अर्चना की। हजारों की भीड़ की निगरानी के लिए होमगार्ड और पुलिस के जवान चौकन्ने तैनात नजर आए।

सुबह 5 बजे से श्रद्धालुओं का घाटों पर पहुंचना शुरू हुआ। कड़ाके की ठंड के बावजूद लोगों ने नदी में डुबकी लगाई। बड़वाले घाट के अलावा चरण तीर्थ घाट, बहराबाबा घाट, रामघाट, हनुमान घाट और बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुबह 9 बजे के बाद घाटों पर भीड़ इतनी बढ़ गई की पैर रखने भी जगह नहीं थी। श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ-साथ दान-पुण्य भी किया। घाटों पर बैठे जरूरतमंदों को लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार पैसे, खिचड़ी, तिल, गुड़, कपड़े और अनाज का दान किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विभिन्न घाटों पर होमगार्ड के जवानों के साथ गोताखोरों को भी तैनात किया गया था, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। इस वर्ष यह पर्व 15 जनवरी को मनाया गया। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर उत्तरायण होते हैं, जिसे देवताओं का काल माना गया है। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदी में स्नान और दान करने से सभी पापों का प्रायश्चित होता है। यह स्नान-दान शुभ या अबूझ मुहूर्त में किया जाए, तो पुण्यफल अधिक बढ़ जाता है।

- सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।
- एहतियात के तौर पर पुलिस और होमगार्ड जवान तैनात रहे।
- स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान पुण्य कर पुण्य लाभ लिया।

### जगदीश स्वामी मंदिर में उमड़ा जन सैलाब

**ग्यारसपुर।** मानोरा स्थित जगदीश स्वामी मंदिर में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगी रहीं। मान्यता है कि भगवान जगदीश स्वामी यहां अपने भाई बलदाऊ और बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं और मन से की गई मन्नतें पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर मंदिर के पास भव्य मेला भी लगा। जहां हजारों श्रद्धालु परिवार सहित झूलों, दुकानों और मनोरंजन का आनंद लेने पहुंचे। साथ ही मेला ग्राउंड में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है, जिसमें पंडित मनमोहन तिवारी भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा-भाव से पूजा-अर्चना कर पुण्य प्राप्त किया। मकर संक्रांति पर इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ने क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का माहौल बना दिया।

## खबर संक्षेप

### सनातन हिंदू उत्सव समिति की सदस्यता जनवरी अंत में खुलेगी

**विदिशा।** सनातन हिंदू उत्सव समिति की सदस्यता आगामी 24, 25 एवं 26 जनवरी को खोली जाएगी। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि यह सदस्यता चुनाव प्रक्रिया से पूर्व खोली जा रही है और चुनाव के दौरान सदस्यता नहीं खुलेगी। जो भी व्यक्ति समिति का सदस्य बनना चाहता है, वह तय तारीखों में आवेदन फॉर्म समिति कार्यालय रायपुरा में जमा कर सदस्यता प्राप्त कर सकता है। सदस्यता लेने वाले सदस्य आगामी चुनाव में शामिल हो सकेंगे। समिति प्रतिवर्ष नये सदस्य बनाती है।

### इफको ने जरूरतमंदों को 250 कंबल वितरित किए

**विदिशा।** सहकारी संस्था इफको ने सामाजिक कल्याण कार्यक्रम के तहत विदिशा जिले के रैक प्वाइंट सौराई, पीएनबी के कृषक प्रशिक्षण केंद्र, इफको बाजार एवं विपणन संघ के हम्मालों, मजदूरों तथा निःशक्त और असहाय जरूरतमंदों को 250 कंबल निःशुल्क वितरित किए। कार्यक्रम में जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी, सहायक संचालक कृषि महेंद्र कुमार ठाकुर, सीजीएस सोरई के मुकेश श्रीवास, पीएनबी के कृषक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक अजय सिंह परिहार और इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार मनेन्द्र मौजूद थे। उपस्थित जरूरतमंदों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि कड़क सर्दी में यह सहायता उनके लिए बड़ी राहत है।

### इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए युवा

**विदिशा।** ऐतिहासक विजयमंदिर पर शोध कार्य कर रहे डॉ. शुभम वर्मा एवं उनकी टीम गुरुवार को विजय मंदिर पहुंचकर हैरिटेज वॉक किया। शुभम वर्मा ने टीम के सदस्यों को मंदिर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य पक्षों की विस्तार से जानकारी दी। हेरिटेज वॉक के माध्यम से युवाओं ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर प्राचीन शिल्पकला, संरचना और वैभव को नजदीक से देखा। युवाओं ने सूर्य मंदिर की अद्भुत धरोहर की सराहना करते हुए इसके प्राचीन स्वरूप में पुनर्निर्माण की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में अनेक युवा उपस्थित रहे। मकर संक्राति पर्व पर विजय मंदिर देखने के लिए बड़ी संख्या में युवक और शहरवासी भी पहुंचे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रामकिशोर विश्वकर्मा

**विदिशा।** रामकिशोर विश्वकर्मा को सारथी विश्वकर्मा समाज कल्याण सेवा संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर नगरपालिका अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा नेता कृष्ण कुमार गुप्ता. अरविंद श्रीवास्तव. अनिल सोनकर, श्रवण व्यास, नितिन माहेश्वरी, प्रशांत खत्री, आशीष मोहता, भरत नारायण रागी, गौरव माहेश्वरी, राहुल गुप्ता सहित उनके मित्रों ने बधाई दी है।



### 72 घंटे में गुम नाबालिग को परिजनों को सौंपा

**विदिशा।** जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान में पठारी पुलिस ने 72 घंटे के भीतर गुम नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया है। 11 जनवरी को नाबालिग लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना पठारी में दर्ज कराई गई थी। लड़की माता-पिता की डांट से नाराज होकर घर से निकली थी। पुलिस ने विशेष निगरानी और व्यापक सर्च अभियान के तहत उसे खोज निकाला और परिवार से मिलाया। यह सफलता पुलिस की त्वरित कार्यवाही और समन्वित प्रयास का परिणाम है। अभियान के तहत जिले में गुम बच्चों की खोज जारी है।

## रोजगार गारंटी योजनाः मनरेगा का नाम बदलने के कांग्रेस के आरोपों के बाद भाजपा ने दी सफाई


# रोजगार गारंटी में मजदूरों का भुगतान बायोमेट्रिक से होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर वीबी जी रामजी किए जाने पर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने पत्रकार वार्ता में योजना में किए गए सुधार बताए।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश की भाजपा शासित सरकार के मंत्री श्री पटेल ने बताया कि पहले 100 दिन रोजगार की गारंटी थी अब इसे बढ़ाकर 125 दिन किया जा रहा है। एक सफ्ताह के अंदर मजदूरों को भुगतान किये जाने की गारंटी भी दी गई है। यदि किसी को रोजगार नहीं मिला तो बेरोजगार भत्ता दिया जाएगा। हालांकि उन्होने यह भी कहा अभी तक प्रदेश में एक भी मजदूर किसी भी विधायक, सांसद, मंत्री से लेकर पत्रकार के पास नहीं पहुंचा है कि उसने रोजगार की मांग रखी हो और काम नहीं मिला हो। मजदूरों के नाम भुगतान निकालने में भ्रष्टाचार न हो इसके लिए बायोमेट्रिक अनिवार्य किया गया है। एक ही कार्य के बार बार बिल न लगाए जा सकें इसके लिए कार्य को जियोटेग भी किया जाएगा।

### मनरेगा में भ्रष्टाचार होता रहा हैः पटेल



पंचायत मंत्री पटेल ने पत्रकारों को संबोधित करते समय सवालों के पहले ही यह स्वीकार किया कि मनरेगा में भ्रष्टाचार होता रहा है। उन्होने कहा कि इसे मैने विधानसभा में स्वीकार किया है। बिल लगाने से लेकर मजदूरों के भुगतान में यह गड़बड़ी हुई है लेकिन अब इसमें सुधार किया जाएगा। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, जिला संयोजक एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल, जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी मौजूद रहे।

### प्रदेश सरकार एडवाइजरी कौंसिल का कार्य करेगी

पंचायत मंत्री श्री पटेल ने बताया कि राज्य सरकार को इसमें संशोधन करने का कोई अधिकारी नहीं होगा। लेकिन एडवायजरी कौंसिल का कार्य किया जाएगा। जैसे कि प्रदेश में अब इस योजना के तहत आजीविका के कार्य किए जाने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही जलवायू परिवर्तन से संबंधित कार्य और गांवों में श्मशान बनाए और सुरक्षित किए जाने के कार्य किए जाएंगे।

# डीआईजी ने वीआईपी मूवमेंट की तैयारियों का जायजा लिया, गड़करी के दौरे को लेकर कई मार्ग डायवर्ट किए

- सांची तरफ से शहर के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी कल शनिवार को दोपहर 12.05 बजे भोपाल एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से विदिशा के लिए उड़ान भरेंगे। दोपहर 12:30 बजे स्टेडियम के हेलीपैड पर उतरेंगे।

बड़ा बाजार से रोड शो करते हुए पुरानी कृषि उपज मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। 1:50 बजे फोटो प्रदर्शनी का निरीक्षण, दोपहर 2 बजे निर्माण कार्यों के लोकार्पण करेंगे। दोपहर 3.30 बजे खेल स्टेडियम से हेलीकाप्टर द्वारा भोपाल एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। गड़करी के आगमन को लेकर गुरुवार को ग्रामीण डीआईजी राजेश कुमार चंदेल ने स्टेडियम और पुरानी कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। इसके साथ ही डीआईजी ने सिविल लाइन थाना परिसर का वार्षिक निरीक्षण भी किया। वीआईपी मूवमेंट को लेकर यातायात विभाग द्वारा मार्ग डायवर्ट किए गए हैं। जिसके तहत लटेरी, सिरोंज, कुरवाई, नटेरन की ओर से आने वाले बसों की पार्किंग बरईपुरा में श्रीराम सिटी में रहेगी। ग्यारसपुर , गुलाबगंज, बासौदा, विदिशा की ओर से आने वाले बसें पीतलमिल चौराह पर यात्रियों को उतार कर एसएटीआई कॉलेज में पार्क होंगी।

### बड़ा बाजार से शुरू होगा रोड शो



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी का रोड़ शो बड़ाबाजार से शुरू होगा। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल रहेंगे। वह तिलक चौक, कोतवाली, बालविहार जोड़, तखतमल प्याऊ, माधवगंज से रोड शो करते हुए जयप्रकाश मंच, खरीफाटक होते हुए पुरानी कृषि उपज मंडी पहुंचेंगे। रोड शो के दौरान वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा।

### डायवर्जेंट व्यवस्था

- भोपाल की ओर से आने वाले सभी भारी वाहन अग्रवाल एकेडमी से बायपास की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। शहर के अंदर भारी वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे।
- अशोकनगर गुना की ओर से आने वाले समस्त भारी वाहन ढोलखेड़ी से बैरसिया एवं ओलंपस स्कूल से सागर की ओर डायवर्ट किए जाएंगे।
- सागर की ओर से नगर में आने वाले समस्त वाहन मिर्जापुर बाईपास एवं पीतलमील से डायवर्ट किए जाएंगे।

# 12 घायलों का चल रहा इलाज, पांचों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया

## मसूड़ी गांव के 4 एवं सगड़ा निवासी एक महिला की मौत, 12 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

मकर संक्रांति पर नर्मदा स्नान करने जाते समय लटेरी के मसूड़ी निवासी पांच लोगों की बैरसिया में सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं एक दर्जन लोग घायल हैं। बैरसिया थाना अंतर्गत स्थित विद्या विहार स्कूल के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडिंग वाहन के बीच आमने-सामने की भिड़ंत में दीपक अहिरवार उसके पिता मुकेश अहिरवार उम्र 33 वर्ष, मुकेश की मां बबरी बाई उम्र 60 वर्ष, लक्ष्मी बाई 60 वर्ष एवं हरि बाई उम्र 60 वर्ष की मौत हो गई। सभी का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायलों में सूरज बाई, विनीता बाई, सुनील, सरजू, मोनिका, महक, भूरी बाई, लल्लू, प्रदीप , ज्योति अहिरवार का इलाज चल रहा है।

मृतकों में सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद लोडिंग वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर बैठे कई लोग उसमें बुरी तरह फंस गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही 5 लोगों ने दम तोड़ दिया। जबकि एक दर्जन से अधिक लोगों का इलाज चल रहा है।

### घायलों का हाल जानने पहुंचे अधिकारीः

हादसे के बाद पुलिस और एसडीएम मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इधर पुलिस ने भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पांचों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया। भीषण सड़क हादसे के बाद प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे। बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा, एएसपी नीरज चौरसिया, बैरसिया टीआई वीरेंद्र सेन सहित विधायक विष्णु खत्री ने घायलों का हालचाल जाने अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों को उचित व बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

### स्विफ्ट कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर



**विदिशा।** विवेकानंद चौराहे पर गुरुवार रात 8 बजे रंगई की ओर से आ रही एक स्विफ्ट कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार चालक मौके से फरार हो गया। समाजसेवी आदर्श तिवारी और राजा यादव ने एक ऑटो को रोककर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# मेडिकल कॉलेज में वार्षिक खेल उत्सव हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



मेडिकल कॉलेज में वार्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल उत्सव में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, कैरम और खो-खो जैसे खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ फैकल्टी सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों का आयोजन डीन डॉ. मनीष निगम एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश लाघवे के नेतृत्व में हुआ । क्रिकेट और बैडमिंटन में फैकल्टी का जलवाखेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता में फैकल्टी सदस्यों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं छात्रों के वर्ग में क्रिकेट सीरीज का खिताब 2021 बैच के नाम रहा। बैडमिंटन के मुकाबलों में कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम सर ने अद्भुत खेल का प्रदर्शन किया और डॉ. खुशाल राव के साथ मिलकर फैकल्टी वर्ग का टूर्नामेंट अपने नाम किया। छात्रों के वर्ग में तनिष्क जायसवाल, अविराज नैन, श्रद्धा और अदिति ओझा विजेता रहे। वॉलीबॉल और खो-खो में 2022 बैच की बादशाहतमैदानी खेलों में 2022 बैच के छात्रों का दबदबा देखने को मिला।

### आज लाड़ली बहनों को राशि जारी करेंगे सीएम

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज शुक्रवार को नर्मदापुरम जिले के माखननगर में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहनाओं को जनवरी माह की मासिक किश्त की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर करेंगे। विदिशा में यह कार्यक्रम जालोरी गार्डन में दोपहर 2 बजे से होगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि स्थानीय खेल जैसे गुल्ली डंडा, पतंग, रस्साकसी, स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण संजीवनी प्रदर्शनी सहित प्रतियोगिताएं होंगी।

# हनुमान घाट पर कुश्ती में पहलवानों ने दिखाए दांव पेंच



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मकर संक्रांति के अवसर पर शहर के हनुमान घाट पर पीढ़ियों से चली आ रही कुश्ती की पारंपरिक परंपरा का निर्वाह किया गया।

खेमचंद उस्ताद के नेतृत्व में महाकाल छालदिवाली अखाड़ा द्वारा आयोजित दंगल में गुरुवार को अखाड़े के पहलवानों ने ठंड में भी दमदार प्रदर्शन किया। मिट्टी में दांव-पेंच दिखाते हुए पहलवानों ने दर्शकों का मन मोह लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह परंपरा उनके पूर्वजों के समय से चली आ रही है, जिसे नई पीढ़ी भी उतनी ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निभा रही है। श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी में पुण्य स्नान के बाद अखाड़े की मिट्टी को नमन कर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन ने विदिशा की प्राचीन अखाड़ा संस्कृति और पारंपरिक खेल प्रेम को पुनः जीवंत कर दिया है।

## मंत्री प्रहलाद पटेल की उपस्थिति में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# रोमांचक फाइनल में इंडियन नेवी टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कनारा स्टेडियम में चल रही 56वें कनारा क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में गुरुवार को खिताबी मुकाबले में इंडियन नेवी ने फरीदाबाद को 16 रनों से पछाड़कर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच देखने मंत्री प्रहलाद पटेल भी स्टेडियम पहुंचे।

फाइनल मैच में इंडियन नेवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। नेवी की ओर से मोहित अहलावत ने मात्र 25 गेंदों में 60 रनों की विस्फोटक पारी खेली। कुंवर पाठक (29 रन) और शुभम रोहिल्ला (23 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया। फरीदाबाद की ओर से प्रांजल सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फरीदाबाद की शुरुआत लड़खड़ा गई, लेकिन मध्यक्रम में कृष्णा भदाना (55), हर्ष यादव (60) और शिवांश मिश्रा (54 नाबाद) ने संघर्ष किया। अंतिम ओवरों में इंडियन नेवी के पूनम पूनिया (4 ओवर, 28 रन, 3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के चलते फरीदाबाद 20 ओवरों में 186/6 रन ही बना सकी।




विदिशा। जीत के बाद खुशी का इजहार करते हुए इंडियन नेवी की टीम।

### पुरस्कार वितरण समारोह

मैच के बाद आयोजित समारोह में मंत्री प्रहलाद पटेल ने विजेता इंडियन नेवी और उपविजेता फरीदाबाद को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, संदीप डोंगर सिंह सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे। अंत में क्लब अध्यक्ष राजेश वर्मा ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पुरस्कार विजेता

- मैन ऑफ द मैच (फाइनल): पूनम पूनिया
- मैन ऑफ द सीरीज: अंशुल गुप्ता
- सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज: मोहित अहलावत
- सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज: प्रांजल सिंह



## खबर संक्षेप

### एनटीए नीट यूजी की परीक्षाओं के लिए कलेक्टर ने गठित की समिति

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने एन.टी.ए. नीट यूजी की परीक्षाओं के निर्बाध एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया। समीति की अध्यक्षता कलेक्टर संदीप जी आर करेंगे। समिति में पुलिस अधीक्षक फ़िास शाहवाल, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 मनीष गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, असिस्टेंट सेंट्रल इंटेलीजेंस ऑफिसर कपिल शुक्ला, जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र अधिकारी डेलन प्रजापति सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

### वैष्णोदेवी जाने वाली यात्रा अपरिहार्य कारणों से रद्द

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत दिनांक 31 जनवरी को वैष्णो देवी जाने वाली यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। वैष्णोदेवी जाने वाली तीर्थयात्रा अब मां कामाख्या देवी के लिए दिनांक 31 जनवरी को की जावेगी। मां कामाख्या देवी जाने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी निर्धारित है।

### बकाया करों की वसूली के लिए शिविर प्रारंभ

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए विशेष शिविरों का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है। राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार से इंदिरा नगर एवं गौर नगर वार्ड में शिविर लगाकर संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया सहित अन्य बकाया करों की वसूली की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को मधुकर शाह, सिविल लाइन एवं गोपालगंज वार्ड के नागरिकों के लिए लाल स्कूल के पास विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जहां नागरिक सरलता से अपने बकाया करों का भुगतान कर सकेंगे। शिविर में नगर निगम के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जिससे करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बकाया संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य देय राशियों का भुगतान शिविर में आकर अवश्य करें। उन्होंने कहा कि समय पर कर जमा करने से नगर निगम को विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

### इमाम के निधन पर शोक व्यक्त किया

**सागर।** एकता समिति कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत मौलाना मुतिय उर रहमान पेश इमाम जामा मस्जिद कटरा सागर के निधन पर उन्हें खिराज ए अकीदत (श्रद्धांजलि) अर्पित की। समिति सदस्य मोहम्मद निजाम भाई ने पेश इमाम साहब के बारे में श्रोताओं को विस्तार से उनकी जीवनी के बारे में बताया कि वो बड़े ही नेक दिल इंसान थे। भलाई के काम भी करते और सबको ऐसा करने की प्रेरणा देते। सभी धर्मों का समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को समान आदर देते धर्म अनुसार आचरण करने की सीख देते । इसी कारण उनकी अंतिम यात्रा में सभी वर्गों के लोग शामिल थे ।

### नपा के रामलीला मेले में विजेता प्रतिभागियों को बांटे गए पुरस्कार

# सारेगामापा की संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ किया गया मेले का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार की शाम सारेगामापा के संगीतमय और रंगारंग फायनल कार्यक्रम के साथ ही नगर पालिका के वार्षिक रामलीला मेले का समापन हो गया। इस अवसर पर मेले में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, ग्रुप डांस, सारेगामापा, चेयर रेस आदि स्पर्धाओं के विजेता, उप विजेताओं सहित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिवर्ष नागरिकों के मनोरंजन के लिए रामलीला मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह भव्य आयोजन किया गया था, जिसमें कबड्डी, खो खो, कुश्ती, चेयर रेस, शतरंज, ग्रुप डांस, सारेगामापा आदि प्रतियोगिताएं हुईं। साथ ही लोकगीत गायक जित्तू खरे का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बुधवार की शाम 14 जनवरी को मेले का औपचारिक समापन सारेगामापा के फायनल कार्यक्रम के साथ हुआ।

इस मौके पर विशेष अतिथियों के रूप में एडीजे हरप्रसाद वंशकार एवं प्रथम जिला न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर मौजूद थे। वहीं अन्य अतिथियों में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि




देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, कप्तान सिंह यादव, नवांकुर प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, मेला समिति अध्यक्ष भारती सरदार अहिरवार एवं परिषद के पार्षदगण मौजूद रहे।

सारेगामापा के रंगारंग फायनल के बाद निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषित और अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। जिसमें जूनियर वर्ग में विजेता कृष्णिका अग्रवाल, रनर अप पुण्यांशी जैन और तृतीय आराध्या बबेले रहीं। जबकि सीनियर वर्ग में विजेता अनुज पाठक, रनर अप कुशाग्र ठाकुर और तृतीय आकृति श्रीवास्तव रहीं। उधर सुपर सीनियर वर्ग में विजेता आशीष त्रिवेदी, रनर अप जगदीश शर्मा और तृतीय संस्कृति चतुर्वेदी रहीं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रसिद्ध संगीतकार अनूप बोरलिया मुंबई, रूपाली कुसुमकर जबलपुर और राहुल विश्वकर्मा इंदौर रहे।

कार्यक्रम में अन्य प्रतियोगिताओं के भी पुरस्कार वितरण किए गए। जिनमें ग्रुप डांस में प्रथम डॉल्फिन स्कूल, द्वितीय नवांकुर विद्यापीठ, तृतीय आरडीएक्स ग्रुप रहा। वहीं खो खो बालिका वर्ग में विजेता सांदीपनी स्कूल, उप विजेता नवांकुर विद्यापीठ, तृतीय वात्सल्य स्कूल को पुरस्कृत किया गया। जबकि बालक वर्ग में विजेता सांदीपनी स्कूल, द्वितीय डाल्फिन और तृतीय सेंट एसआरएस रहा। कबड्डी महिला वर्ग में विजेता बासौदा टीम और उप विजेता सागर रही। वहीं पुरूष वर्ग में विजेता बासौदा ए और उप विजेता भोपाल रही। महिला चेयर रेस में प्रथम चित्रा लोधी, द्वितीय भावना मलैया और तृतीय आंचल अहिरवार रहीं। जबकि शतरंज प्रतियोगिता के ओपन स्तर पर विजेता जावेद भाई सिरोंज और





उप विजेता आशीष मिश्रा बासौदा रहे। वहीं विद्यालयीन स्तर पर विजेता नैतिक विश्वकर्मा डाल्फिन और उप विजेता लकी अहिरवार नवांकुर रहे। कुश्ती के भी विभिन्न वर्गों में मुकाबले हुए और सभी वर्गों के विजेता उप विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जबकि कुश्ती के ओवर ऑल विजेता के रूप में भारत सिंह गुर्जर मुरैना को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र जैन एवं रोहित भावसार ने किया और आभार प्रदर्शन अमित शर्मा डेजी भाई ने व्यक्त किया।

## विधायक ने ग्राम के गरीबों को बांटे कपड़े और भजन-कीर्तन सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मकर संक्रांति के अवसर पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने इन दिनों पडी रही भीषण सर्दी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को एवं उनके बच्चों को ऊनी कपड़े भेंट कर महिलाओं को कीर्तन सामग्री भी प्रदान की। ग्राम पंचायत छीपनी की सरपंच अनीता रघुवंशी ने बताया कि विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने उनकी ग्राम पंचायत के ग्राम छीपनी, खुरसेनी, आकाडोड़ा में जाकर निर्धनों को कंबल, बच्चों को ऊनी टोपा एवं खेल सामग्री भेंट की। उन्होंने महिलाओं को ढोलक मंजीरा सहित कीर्तन सामग्री भी प्रदान की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिव शरण रघुवंशी शेबू एवं अनाज तिलहन व्यापारी संघ के कोषाध्यक्ष सुखजीत सिंह बुमराह काके, विनोद रघुवंशी सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सेना का साहस सैनिक की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं अनुशासन पर निर्भर करता है: मेजर गजराज

**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में सेना दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी की 7 गर्ल्स एवं 11 बॉयज यूनिट ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मेजर गजराज सिंह ने विद्यार्थियों को सेना दिवस के अवसर पर बताया कि भारतीय सेना फोर डी पर काम करती है जिसमें डिसिप्लिन, डेडीकेशन, डिटरमिनेशन और डिवोशन शामिल है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण अनुशासन है अनुशासन का मतलब होता है स्वयं पर शासन करना अर्थात हम अपनी कर्मेंद्रों पर यदि शासन करते हैं तो फिर हम अनुशासन का ही पालन कर रहे होते हैं ।विद्यार्थीयो का क्या करे और क्या न करे पर फोकस होना चाहिए। सेना का साहस सैनिक की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं अनुशासन पर निर्भर करता है। विद्यार्थियों को आगाह करते हुए कहा कि मोबाइल पर क्या देखना है और क्या नहीं देखना है यह मोबाइल डिसाइड नहीं करेगा इसका निर्णय हमें खुद लेना पड़ेगा कि हमें क्या देखना है और क्या नहीं देखना है। जो विद्यार्थी नसमय की कीमत करता है भविष्य में समय उसकी भी कीमत करता है। स्वागत भाषण देते हुए डॉ अमर कुमार जैन वरिष्ठ प्राध्यापक ने विद्यार्थियों से कहा कि थल सेना दिवस लेफ्टिनेंट जनरल करियप्पा जो बाद में भारत के पहले फील्ड मार्शल बने के द्वारा भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष में मनाया जाता है।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव के जन्मदिन पर बांटे शॉल, सामग्री, कराया हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के जन्मदिन पर समर्थकों ने जरूरतमंदों को शाल, सामग्री बांटी और नरखेड़ा धाम में हवन पूजन कराया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के जन्मदिन पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विकास शर्मा के नेतृत्व में समर्थकों ने जरूरतमंदों, मरीजों को शाल, सामग्री बांट, नरखेड़ा धाम में माता बगुलामुखी की पूजा अर्चना, हवन कराया। इस अवसर पर समर्थकों ने ढोल धमाकों के साथ सर्वप्रथम शीतला माता मंदिर जाकर माता की पूजा अर्चना कर जरूरतमंदों को शाल, सामग्री भेंट की।

वहीं शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय जाकर मरीजों को केला, बिस्कुट बांटे, वही पहले से भर्ती रामबाबू आनंदपुर का सभी कांग्रेसियों ने हाल चाल जाना और जल्दी स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उधर नरखेड़ा धाम जाकर माता बगुलामुखी से प्रार्थना की, पूजा अर्चना कर ब्राह्मणों का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव विकास शर्मा, ऊषा किरण शर्मा, रचना शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्य प्रकाश सेन, रवि तिवारी, कृष्ण मोहन शर्मा, सुनील बाबू पिंगले, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, प्रकाश शर्मा, राजकुमार सेन, बी डी शर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



## निगमायुक्त ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त शहर का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 प्रतियोगिता के अंतर्गत नगर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों एवं शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।

भ्रमण के दौरान उन्होंने पीली कोठी, तिलकगंज स्थित सब्जी मंडी, गुजराती बाजार, संजय ड्राइव तथा छोटे तालाब सहित कई प्रमुख स्थलों का जायजा लिया और अधिकारियों को स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे किसी भी स्थिति में दुकान की सामग्री सड़क पर न रखें। उन्होंने कहा कि सड़क पर सामग्री रखने से न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि यह स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम की रैंकिंग को भी प्रभावित करता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दुकानों का सामान सड़क पर पाया गया तो अतिक्रमण टीम द्वारा संबंधित सामग्री जप्त कर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्कृष्ट उमावि के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का किया गया भव्य शुभारंभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिक उत्सवनगर के शासकीय उत्कृष्ट उ. मा विद्यालय में 2 दिवसीय वार्षिक उत्सव अंतर्गत प्रथम दिवस सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष , पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा डॉक्टर राकेश जादौन ,पूर्व केंद्रीय सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद राजेश तिवारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता रूपेंद्र शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिखा भलावी ,विद्यालय प्राचार्य एमसी शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एमसी शर्मा एवं समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों तथा पत्रकार बंधुओं का छात्र संघ सदस्यों द्वारा तिलक तथा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य एमसी शर्मा द्वारा वर्ष भर की विद्यालयीन गतिविधियों को समाहित कर प्रतिवेदन का वाचन किया गया। विदित है कि इस 2 दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, दूसरे दिवस वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार विरतण का आयोजन किया जाना है।

प्रथम दिवस के रंगारंग कार्यक्रम में लगभग 16 विभिन्न दलों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसमें NCC आर्मी कैडेट्स द्वारा आपरेशन सिंदूर, NCC नेवी कैडेट्स द्वारा उरी हमला पर आधारित नाट्य रूपांतर, NSS दल द्वारा झांसी की रानी की वीर गाथा आधारित नाटक के साथ साथ समाज को संदेश देते हुए बाल श्रम, नशा मुक्ति जैसी कुरीतियों को दूर करने का संदेश नृत्य के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक विधा में भी मेहनत से आगे बढ़ने का संदेश दिया। जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी जी ने कहा कि सभी छात्रों द्वारा काफी आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई हैं। छात्र मेहनत करे और आगे बढ़ें। राजेश तिवारी ने कहा कि जैसा कि स्कूल का नाम उत्कृष्ट है वैसे ही जीवन में भी उत्कृष्ट बनें। प्रस्तुतियों के माध्यम से कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया गया है। डॉ राकेश जादौन ने छात्रों को विभिन्न विधाओं द्वारा समाज में आगे आने का संदेश दिया। संचालन छात्रा पिंकी कुशवाह तथा सिमरन विश्वकर्मा एवम दिनेश ओझा ने किया।




### श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, तिल गुड़ के लड्डुओं का लगाया भोग

# इलाके में उत्साह के साथ मना मकर संक्रांति पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरूवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में मकर संक्रांति पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर नागरिकों ने अपने परिजनों के साथ बेतवा नदी के रिपटा घाट, नौलखी घाट पहुंचकर स्नान कर पूजन अर्चन किया तथा लड्डूओ का भोग लगाया। वहीं अनेक श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी के विभिन्न घाटों पर स्नान कर मकर सक्रांति पर्व मनाया। इस अवसर पर परंपरानुसार पतंग बाजी का भी आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने और सूर्य के उत्तरायण होने के पर्व को इलाके में उत्साह से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने घरों में तिल के उबटन से स्नान किया और मंदिरों एवं घरों में भगवान को लड्डू खिचडी का भोग लगाया। मकर संक्रांति के चलते सुबह से लेकर रात्रि तक नगर के शीतला शक्तिधाम, नौलखी मंदिर, गंज हनुमान मंदिर, उदयपुर, गमाखर, त्योंदा, नूरपुर, मुरादपुर, देवपुर सहित अन्य मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने नदी, कुंड आदि में स्नान कर भगवान को भोग लगाकर पूजन अर्चन की। इसके बाद सभी ने लड्डू का प्रसाद ग्रहण किया। उधर बेतवा नदी के रिपटा घाट पर मेले का आयोजन हुआ। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बेतवा नदी में डुबकी लगाई और घाट पर ही पूजन अर्चन कर लड्डुओं का भोग लगाकर प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद मेले में खरीददारी की एवं मेले का लुफ्त उठाया। मकर संक्राति पर्व के चलते अन्य संगठनों एवं संस्थाओं ने भी लड्डू एवं खिचडी का वितरण किया गया। दूसरी ओर अनरय वाले घरों में भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पीडित परिजनों को तिल गुड के लड्डू भेंट किए। उधर युवाओं ने संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी का भी लुत्फ उठाया।

## हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमिपूजन, निकाली वाहन रैली





**गंजबासौदा।** आगामी 20 जनवरी को नगर में हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष्य में गुरूवार को तारण तरण जैन पाठशाला परिसर में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर वेदांत आश्रम के विद्यार्थी एवं संत समाज द्वारा भूमि पूजन कराया गया।

इस मौके पर नगर में भव्य वाहन रैली निकाली गई। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों चौक चौराहों राजेन्द्र नगर, सिरोंज तिराहा, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, आंबेडकर चौक, नेहरू चौक, सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन होते हुए मील रोड से होते हुए पाठशाला परिसर पहुंची। जहां उसका समापन किया गया। इस रैली में भगवा ध्वज लहरा हुए हिंदू समाज ने नगर में सभी से 20 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन में भी आवश्यक रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बता दें कि इस कार्यक्रम में जगतगुरु रामानंदचार्य काशी पीठाधीश्वर परम पूज्य डॉ राम कमलाचार्य वेदांत जी द्वारा अपना उद्बोधन दिया जाएगा। 20 जनवरी को दोपहर 3 जय स्तंभ चौक से एक विशाल चल समारोह प्रारंभ होगा जिसमें मातृशक्ति भी सम्मिलित रहेंगी और कलश यात्रा भी निकाली जाएगी जिसका समापन टी टी जैन पाठशाला मैदान पर किया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद संतों ने कहा कि संगठित हिंदू समाज ही राष्ट्र को दिशा देने की ताकत रखता है। जब हिंदू समाज एकजुट होता है, तब असंभव भी संभव बन जाता है। यदि समाज संगठित रहेगा, तो कोई भी शक्ति सनातन संस्कृति और राष्ट्रहित को कमजोर नहीं कर सकती। यह सम्मेलन हमारे समाज में समरसता राष्ट्रभावना को ऊर्जा प्रदान करेगा ।

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के संबंध में प्राचार्यों के साथ की समीक्षा बैठक

# परीक्षा अंत नहीं एक पड़ाव है, शत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम लाकर मध्यप्रदेश में सागर का नाम रोशन करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



परीक्षा अंत नहीं एक पड़ाव है, परीक्षा के समय आप मानसिक संतुलन बनाए रखें घबराएं नहीं साथ ही सौ प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम लाकर मध्य प्रदेश में सागर का नाम रोशन करें, गुरुजनों में अपार शक्ति, शक्ति का इस्तेमाल कर विद्यार्थियों को आगे बढ़ाएं एवं प्राचार्य अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाने की दिशा में प्रयास करें। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने बोर्ड परीक्षा के संबंध में प्राचार्यों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में व्यक्त किये।

इस अवसर पर संयुक्त संचालक शिक्षक शत्रुंजय प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती निगम सहित सभी विकासखंडों के सहायक संचालक विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित जिले के विद्यालयों के प्राचार्य मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि गुरुजनों में अपार शक्ति होती है और उनकी गरिमा भी समाज में होती है अपनी गरिमा एवं शक्ति का उपयोग करें एवं उसको बनाए रखें इसी के साथ अपने विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को अपना शैक्षणिक ज्ञान शत प्रतिशत दें जिससे कि वह आगे बढ़ सके एवं कक्षा 12वीं के बाद डॉक्टर, इंजीनियर बन सके। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिए सभी प्राचार्य अपने-अपने विद्यालयों में नीट एवं इंजीनियर से संबंधित परीक्षाओं के 10 वर्ष के प्रश्न पत्र एवं पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएं एवं संकल्प लें कि अपने अपने विद्यालयों से कम से कम दो-दो विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय के पुराने टॉपर और सफल छात्रों को आमंत्रित कर उनके सुझाव विद्यार्थियों को दिलाएं। कलेक्टर आर ने कहा कि आप सभी अपने-अपने विद्यालयों में पाठ्यक्रम के पीरियड के बाद प्रत्येक पीरियड में कम से कम 10 मिनट विद्यार्थियों को लिखने की आदत अवश्य डालें। जिससे कि वह अपने भविष्य को उज्जवल बना सके। उन्होंने कहा कि परीक्षा एक पड़ाव है अंत नहीं इसलिए किसी भी विद्यार्थियों को तनाव न दें और विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करें एवं विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में एक काउंसलर भी बनाएं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम में स्थापित करें जिससे कि विद्यार्थी अपने शैक्षणिक अध्ययन में आने वाली समस्याओं के संबंध में निराकरण कर सकें एवं तनाव से मुक्त रह सके। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में जो पैनल लगाए गए हैं उनमें भाषा की समस्या को दूर करने के लिए ज्ञानवर्धक अंग्रेजी की फिल्म को दिखाएं जिससे कि उनकी अंग्रेजी की समस्या भी दूर हो सकेगी और परीक्षा में अच्छे अंक ला सकेंगे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि समाज एवं विद्यार्थी गुरुजनों को भगवान समझते हैं इस को बनाए रखने के लिए आप हमेशा विद्यार्थियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा की चुनौतियों को स्वीकार कर उनको दूर कर आगे बढ़ना ही सफलता कहलाती है। उन्होंने कहा जहां कठिनाई होती है वहां परिणाम अच्छे आते हैं। इसलिए कठिनाइयों से कभी न डरें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार संसाधन किसी भी सफलता में बाधक नहीं बन सकते इसलिए संसाधन के पीछे नहीं सफलता एवं संकल्प के साथ चलिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने समीक्षा बैठक में आए प्राचार्यों से वन टू वन चर्चा भी की और उनसे उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निराकरण करने के संबंध में तत्काल निर्देश दिए उन्होंने रसेना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन अगले शैक्षणिक सत्र तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम

# एबीवीपी ने किया अंबर की उड़ान पंतग प्रतियोगिता का आयोजन



**सिरोंज।** राष्ट्रीय युवा दिवस व स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय परिसर में अंबर की उड़ान पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। वही पतंग प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में रचनात्मकता, एकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्तुति अग्रवाल का पीएम युवा में किया गया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



शिक्षा मंत्रालय और नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया एनबीटी ने प्राइम मिनिस्टर्स यंग ऑथर्स मेंटरशिप स्कीम के तीसरे साल 3.0 के परिणाम की घोषणा की है। इस योजना के लिए देश के 22 भाषाओं के 43 नौजवान साहित्यकार चयनित किए गए हैं। पहले उनसे पांडुलिपि मंगवाई गई, इसके बाद उनका इंटरव्यू भी लिया गया। उर्दू भाषा से सिरोंज की युवा लेखिका स्तुति अग्रवाल का चयन किया गया है। स्तुति ने भारतीय ज्ञान परम्परा के विषय के अंतर्गत वेद, श्रीमद् भागवत गीता और त्रिपिटक पर उर्दू ज़बान में पांडुलिपि जमा की। इस योजना के तहत नेशनल बुक ट्रस्ट उन की पांडुलिपि को किताबी शक्ल में प्रकाशित करेगा और उन्हें तीन लाख रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। जबकि प्रकाशित किताब के लिए ताउम्र दस प्रतिशत रॉयल्टी मिलती रहेगी। उन्हें अभी दिल्ली के वर्ल्ड बुक फेयर में आमंत्रित किया गया था जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उनकी मुलाकात कराई गई। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री संग्रहालय के दौरे पर भी ले जाया गया। स्तुति सद्भावना मंच के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और गीता अग्रवाल की बेटी हैं। सिरोंज ही से प्रकाशित होने वाली दो पत्रिकाओं ‌‌"इन्तिसाब" और "आलमी ज़बान" की उप-संपादक भी हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार, गुरुजनों और दोस्तों को दिया।

## शॉर्ट सर्किट होने से 11 केवी लाइन टूट सड़क किनारे खड़े वाहनों पर गिरी, टला हादसा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के आरोन रोड स्थित ग्रीन सिटी कॉलोनी के बाहर मुख्य मार्ग पर गुरूवार को 1 बजें के आसपास सॉट सर्किट होने के चलते विघुत खंभे से 11 केव्ही की लाइन टूटकर नीचे सड़क खडी मोटर साइकिलो पर जा गिरी। वही मौके पर मौजूद दुकानदारो ने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियो को लाइन टूटने की सूचना दी। जिस पर विभाग के कर्मचारियो ने मौके पर पहुचकर विघुत लाइन को ठीक किया। मौके पर मौजूद नागरिको ने बताया कि खंभे पर काफी देर से सॉट सर्किट हो रहा था। जिस कारण केविल टूटकर नीचे जा गिरी।

## अभिनेत्री अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का रोड शो आज





**देवरीकलाँ।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और बिग बॉस फेम अंकिता लोखंडे और उनके पति अभिनेता विक्की जैन देवरी आ रहे हैं, देवरी के कोयला परिवार की बहु अभिनेत्री अंकिता लोखंडे देवरी नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन के पक्ष में रोड शो करेंगी। प्रसिद्ध अभिनेत्री अंकिता लोखंड को टेलीविजन सीरियल पवित्र रिश्ता में अर्चना देशमुख का बेहतरीन अभिनय के लिए शोहरत मिली जिसके बाद उन्होने, कामेडी सर्कस कपिल शर्मा के साथ काम किया, हाल ही में उनकी फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर, बागी-3, मणिकर्णिका, द लास्ट कॉफी में भी उनके अभिनय को सराहा गया है। उन्होने बिग बॉस के 17 वे सीजन में भी भाग लिया था। उनकी फिल्म लव एण्ड वार को लेकर भी उन्हे काफी उम्मीदे है। देवरी के कोयला परिवार की बहू अभिनेत्री अंकिता लोखंडे देवरी नगर के कोयला परिवार की बहू है, उनका विवाह व्यवसायी विनोद जैन के सुपत्र अभिनेता विक्की जैन के साथ हुआ है। दोनो ने बिग बॉस के 17 सीजन में भाग लिया था। एवं 4 वर्ष पूर्व परिणय बंधन में बंध गये थे। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे एवं उनके पति विक्की जैन नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन के समर्थन में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे देवरी नगर के सहजपुर तिराहे से सिविल लाईन चौराहे तक रोड करेंगे उनके लिए वोट की अपील करेंगे। अलकेश जैन ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## 31 जनवरी को होगा संत शिरोमणि सेन महाराज की मूर्ति का अनावरण : महापौर



**सागर।** सागर में सेन शक्ति महा संगठन द्वारा आयोजित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर सम्मान समारोह सागर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें से नाचरे अचलानंद महाराज जोधपुर, मुख्यमंत्री मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री और विधायक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, विधायक गण और जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए गुरुवार को सेन समाज का प्रतिनिधि मंडल सागर नगर निगम महापौर सुशीला संगीता सुशील तिवारी के निवास पर पहुंचकर उनका आमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सागर में संत शिरोमणि सेन जी महाराज जी के नाम पर चौराहा घोषित कर दिया गया है एवं मूर्ति की स्थापना 31 जनवरी को समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम में की जाएगी सभी समाज बंधुओ ने सम्मानित महापौर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नर्मदा तट मांगरोल पहुंचे राज्यमंत्री पटेल संकल्प से समाधान अभियान की शुरुआत

# प्रदेश सरकार जन कल्याण के लिए संकल्पित : मंत्री पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित ग्राम पंचायत मांगरोल में आयोजित संकल्प से समाधान अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान जारी रहेगा। कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए संकल्पित है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री पटेल ने प्राप्त समस्याओं एवं सुझावों पर संज्ञान लिया। कार्यक्रम में बाड़ी जनपद के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों एसडीएम संतोष मुद्गल, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती ,सीओ दानिश खान, सरपंच वृंदावन पटेल, सचिव राजेंद्र चौधरी भारी संख्या में ग्रामीणों भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थिति रही।

हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी

# मकर संक्रांति पर्व का दूसरा दिन, नर्मदा तटों पर हजारों वाहनों की रही रेलम पेल

नर्मदा मैया सेवा आश्रम में हुआ भंडारा

स्वास्थ्य राज्य मंत्री पटेल ने की नर्मदा मैया की पूजन आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

क्षेत्र के हजारों नर नारियों द्वारा बुधवार को मकर संक्रांति मनाते हुए नर्मदा मैया में पर्व का स्नान किया दूसरे दिन गुरुवार को भी नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाने हजारों नर नारियों की भीड़ मेला का नजारा बना रहा। नर्मदा तटवर्ती सडक़ों मुख्य रूप से बरेली पिपरिया मार्ग, बाग पिपरिया केतोघान मार्ग, मांगरोल नर्मदा पुल, मांगरोल सतरावन, डूमर, घाट पिपरिया, बगलवाड़ा, मार्गो पर सुबह से रात्रि तक हजारों दो पहिया चार पहिया वाहनों ट्रैक्टर ट्रालियों की रेलम पेल से मार्गो पर जाम लगने की स्थिति बनती रही।



### राज्यमंत्री पटेल ने मां नर्मदा मैया की पूजन

मकर संक्रांति महापर्व पर क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के द्वारा संचालित नर्मदा मैया सेवा आश्रम में प्रसादी वितरण भंडारे का आयोजन हुआ। हजारों नर्मदा भक्तों श्रद्धालुओं भाजपा के कार्यकर्ताओं के भोजन हुए। राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल नर्मदा तट पहुंचे जहां मां नर्मदा मैया की विशेष पूजन आरती और प्रसादी वितरण किया गया। दोपहर से शाम तक नर्मदा मैया सेवा आश्रम में नर्मदा परिक्रमा बासियों नर्मदा भक्तों का भंडारा चलता रहा। शिवाजी पटेल, बृजेंद्र पटेल, राजेंद्र पटेल, जितेंद्र पटेल द्वारा सभी का स्वागत किया जाता रहा राज्य मंत्री पटेल ने भी सेवा आश्रम पहुंचे भाजपा के कार्यकर्ताओं किसानों से भेंट और चर्चा की गई।

## मकर संक्रांति से ही सूर्य देव के तेवर हुए तीखे

**बरेली।** जैसे ही सूर्य नारायण ने दिशा परिवर्तन और मकर राशि में प्रवेश किया तो मौसम का मिजाज बदल गया। दिन का तापमान बढने और दोपहर में सूरज की किरणों से बड़ी गर्मी उमस से लोगों को पसीना निकलने की स्थिति बनने लगी। सूर्यदेव के उत्तरायण होते ही अब गर्मी का सीजन शुरू हो जाने के संकेत मिलना शुरू हो गए हैं।

मकर संक्रांति से पूर्व तक दिन और रात अत्यधिक ठंडा बने हुए थे 24 घंटे क्षेत्र के निवासियों द्वारा गर्म कपड़ों का उपयोग किया जा रहा था। मकर संक्रांति से सूर्य देव के दिशा परिवर्तन के साथ मौसम में भी परिवर्तन हो गया है। मौसम बदलने के संधिकाल में ठंडी हवाओं का जोर तो बना रहता है परंतु सूरज की किरणों की तपिश बढ़ाना शुरू हो जाती हैं ठीक वैसी स्थिति गुरुवार को दिन में दिखती रही। मकर संक्रांति के बाद शीत ऋतु की समाप्ति और ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत हो जाती है माघ का महीना समाप्त होने और फागुन का महीना शुरू होने पर गर्मी का जोर बढ़ाना शुरू हो जाता है। होलीका दहन के बाद तो गर्मी का प्रकोप बढने के साथ फसलों के पकने के साथ कटाई भी शुरू हो जाती है।

## शिव बापौली धाम में हुआ हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन

19 जनवरी को होगा सकल हिंदू सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में छोटे बड़े स्थान पर हिन्दू सम्मेलन होने की श्रृंखला बनी हुई है। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त सिद्ध एवं प्रसिद्ध शिव बापौली धाम में 19 जनवरी को सकल हिन्दू समाज का विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा।

संत लाल बाबा के सानिध्य में भूमि पूजन -19 जनवरी को बापौली धाम में होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए संत लाल बाबा जी के सानिध्य में हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में बापौली धाम के आसपास के ग्रामों से भारी संख्या में राजपूत समाज के युवाओं किसानों की उपस्थिति रही।

इसी के साथ 19 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन के लिए व्यापक संपर्क प्रचार अभियान शुरू हो गया। हिन्दू सम्मेलनों की तैयारी भी शुरू हो गई है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶रायसेन



गुरुवार को संचानालय खेल और युवा कल्याण विभाग, भोपाल के निर्देशन एवं जिला खेल अधिकारी रायसेन के आदेशानुसार, ब्लॉक सांची में प्रथम चरण के 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' का चयन ट्रायल जिला खेल परिसर रायसेन में आयोजित किया। इस ट्रायल में सांची ब्लॉक के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए सैकड़ों बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। साथ ही आगामी खेल स्पर्धाओं के लिए दावेदारी पेश की।

इस दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न विधाओं में अपना कौशल दिखाया। इस बार पारंपरिक और आधुनिक दोनों ही खेलों का रोमांच देखने को मिला, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे। कबड्डी, फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, खो-खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, क्रिकेट, शतरंज और विशेष रूप से पिट्ठू एवं रस्सा-कसी में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि जमना सेन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में रेफरी की सक्रिय भूमिका व खिलाड़ियों को खेल के नियमों और खेल भावना के प्रति जागरूक किया। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों को अपनी सरल और प्रभावी भाषा में प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं। बल्कि जीवन में अनुशासन और कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

क्षेत्र के किसानों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंच सीएम का आभार व्यक्त किया

# उदयपुरा में 386 करोड़ की उदवहन सिंचाई परियोजना स्वीकृत

386. 22 करोड़ रुपए की उदवहन सिंचाई परियोजना से 15 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली



मंगलवार को कैबिनेट बैठक में उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 386.22 करोड़ की उदवहन सिंचाई परियोजना स्वीकृत होने से संपूर्ण क्षेत्र के किसानों भाजपा के कार्यकर्ताओं में भारी हर्ष बना हुआ है। मंगलवार को ही संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो किसानों भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर सीएम डॉ मोहन यादव का जोरदार स्वागत सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया।

स्वीकृत हुई 386.22 करोड़ की उदवहन सिंचाई परियोजना से बरेली उदयपुरा तहसीलों के 36 ग्रामों की लगभग 15 हजार हेक्टर भूमि सिंचित होगी और 6800 किसान परिवारों को फसलों की सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। भारकच्छ कलां क्षेत्र में बैराज बनाकर पाइप लाइनों के माध्यम से किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने जाने से पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए किसान भाजपा के कार्यकर्ता, नेता शिवाजी सेवा सदन भाजपा कार्यालय में एकत्रित हुए। वाहनों का काफिला पहले राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के निवास काशी सेवा सदन भोपाल पहुंचा जहां सभी का राज्य मंत्री पटेल ने स्वागत किया। वहीं उत्साहित किसानों भाजपा के कार्यकर्ताओं में 386 करोड़ से अधिक राशि की उदवहन सिंचाई योजना स्वीकृत होने पर राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का पुष्पहारों से जोरदार स्वागत किया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार भेंट किए उपहार

राज्य मंत्री पटेल के निवास से भाजपा कार्यकर्ता किसानों का काफिला मुख्यमंत्री निवास पहुंच किसानों कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का पुष्पहारौ से स्वागत सम्मान कर आभार व्यक्त किया किसान सरदार सिंह पनारिया ने हल भेंट किया। वहीं बगलवाड़ा के किसान राजेश ठाकुर ने जैविक उत्पाद सीएम डॉक्टर यादव को भेंट किया किसानों कार्यकर्ताओं ने सीएम यादव के साथ क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के प्रयासों से किसानों को मिली सिंचाई परियोजना और आने वाले दिनों में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए राशि स्वीकृत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया।

सिर्फ दो लिपिक के भरोसे छोड़ दिया गया पूरा काम, अधिकारी ओढ़े बैठे खामोशी की चादर

# सैकड़ों शिक्षकों-कर्मचारियों को नहीं मिल रहा एरियर, शिक्षा विभाग की हीलाहवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में सैकड़ों शिक्षक और शिक्षा विभाग के कर्मचारी लंबे समय से अपने एरियर के भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन जिला शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते उन्हें अब तक उनका हक नहीं मिल पाया है। विभाग में शिक्षकों और कर्मचारियों के आवेदन दिए हुए महीना बीत गए लेकिन संकुल केंद्र से बो ऑफिस से अभी तक एरियर का भुगतान नहीं हुआ है, जिसे लेकर में काफी परेशान है।

जिला शिक्षा विभाग के दो भागों पर ही इसकी सारी जवाबदारी है। शिक्षकों कर्मचारियों की विभाग में एरियर्स की लाखों करोड़ों रुपए की राशि फंसी हुई है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े और संवेदनशील कार्य विभागीय अधिकारियों ने केवल दो बाबूओं के भरोसे छोड़ रखा है। जबकि स्वयं जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह खामोश बने हुए हैं।

सूत्रों का कहना है कि एरियर से जुड़े प्रकरणों की जांच, गणना और स्वीकृति जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए न तो पर्याप्त स्टाफ लगाया गया है और न ही अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। नतीजतन, एक ही लिपिक पर पूरा भार डाल दिया गया है, जिससे काम और अधिक धीमा हो गया है।

### कोई कार्रवाई नहीं

◆ शिक्षक संघों से जुड़े सीताराम रैकवार, सूर्यप्रकाश सक्सेना और कर्मचारियों द्वारा बार-बार आवेदन और मौखिक अनुरोध के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। भुगतान प्रक्रिया में अनावश्यक देरी से भारी नाराजगी बनी हुई है।




### पत्नी का कांस्टेबल से अफेयर

महंगाई के दौर में एरियर की राशि शिक्षकों व कर्मचारियों को बेहद जरूरी है। कई कर्मचारियों के परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन विभागीय हीलाहवाली उनकी परेशानी बढ़ा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि जब इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया जाता है तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। जिम्मेदार अधिकारी या तो बैठक में व्यस्त होने का हवाला देते रहे या फिर फाइल प्रक्रिया में होने की बात कहकर टालते नजर आए। अब सवाल यह उठता है कि आखिर सैकड़ों कर्मचारियों के हक के पैसे पर कब तक विभागीय उदासीनता हावी रहेगी। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो शिक्षक और कर्मचारी आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

### शिक्षकों ने कहा- जिम्मेदारों की उदासीनता की वजह से अटका हुआ है कार्य

जानकारी के अनुसार सातवें वेतनमान सहित अन्य देय एरियर की फाइलें महीनों से जिला शिक्षा कार्यालय में धूल खा रही हैं। हालांकि एरियर्स के कार्य को संकुल केंद्रों से कंप्यूटर में जानकारी फीड करके बीईओ से जिला कोषालय विभाग रायसेन में भेज दी जाती है। यह काम बीईओ के माध्यम से होता है। मिडिल स्कूलों के शिक्षकों की द्वितीय क्रमोन्नति लंबे समय से अटकी हुई है। शिक्षकों का इस मामले में कहना है कि जिम्मेदार विभाग की लापरवाही की वजह से यह सारा कार्य अटका हुआ है। लेकिन इस प्रकरण में पदोन्नति स्वीकार्य करने वाले शिक्षकों को क्रमोन्नति से वंचित कर रखा है। स्थिति यह है कि वरिष्ठ पदों पर कार्यरत शिक्षकों का वेतन उनके समक्ष कनिष्ठ पद वाले शिक्षकों हजारों रुपए कम हो गया है।

भोपाल संभाग के पदोन्नति प्राप्त उच्च माध्यमिक शिक्षा लंबे समय से द्वितीय क्रमोन्नति से वंचित हैं। शिक्षकों का यह आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से यह नौबत आई है। नियम अनुसार पदोन्नति अस्वीकार करने पर शिक्षकों को आगामी क्रमोन्नती पर वंचित किया जाता है।

### ट्रेजरी से बिल पास करने में आ रही परेशानी

हमारी यह पूरी कोशिश है कि जल्द से जल्द शिक्षकों और कर्मचारियों के एरियर्स की राशि का भुगतान हो जाए। लेकिन इतनी अधिक संख्या में ट्रेजरी में बहुत बिल पहुंच चुके हैं कि एरियर के बिलों को पास करने में परेशानी आ रही है। हमने अत्यधिक कर्मचारी की मांग वरिष्ठ कार्यालय से पत्राचार करके की है।

**- डीडी रजक,** डीईओ रायसेन।

शुजालपुर के पास से किया गिरफ्तार

# 18 घंटे में सफलता : पुलिस के हत्थे चढ़े हत्या के आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जिले के बाड़ी थाने के तहत बीती रात में करीब 9 बजे बाबई जोड़ पर स्थित चाय-नाश्ते की दुकान पर आरोपी मनीष उर्फ रघुराज धाकड़ द्वारा पुरानी रंजिश के चलते फरियादी नीलेश चौहान एवं उसके पिता देवीसिंह चौहान के साथ मारपीट की गई। मारपीट के दौरान आई गंभीर चोटों के कारण देवीसिंह चौहान की उपचार के दौरान अस्पताल मृत्यु हो गई।

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बाड़ी में थाने में धारा 103(1), 296(a), 115(2), 324(4) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एसडीओपी नीलम चौधरी ने बताया कि इस घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के लिए एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी कमलेश खरपुसे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी द्वारा पृथक-पृथक पुलिस टीमें गठित की गईं। पुलिस टीमों द्वारा लगातार आरोपी की तलाश में दविश दी गई।

मुखबिर सूचना तंत्र के माध्यम से कड़ी मेहनत एवं सूझ-बूझ से कार्यवाही करते हुए हत्या करने वाले शातिर आरोपी को मात्र 18 घंटे के भीतर शुजालपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी मनीष उर्फ़ रघुराज धाकड़ पिता कैलाश पटेल निवासी ग्राम तूमडा नरसिंहपुर को हिरासत में लिया। एसडीओपी चौधरी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध अन्य थानों में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाया गया है।

## खबर संक्षेप

### रवि बने बजरंग दल के जिला सह संयोजक



**रायसेन।** नगर के हिन्दूवादी युवा रवि प्रजापति को बजरंग दल ने जिला सह संयोजक की जिम्मदारी सौंपी गई है। बता दें कि रवि प्रजापति शहर में होने वाली हिन्दूवादी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। बजरंग दल द्वारा बढ़ी जिम्मेदारी मिलने पर रवि प्रजापति ने वरिष्ठों का आभार जाताया। वहीं उनके मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां दी। वहीं संतोष शास्त्री जिला वेद संस्कृत प्रमुख, संत सत्यनारायण दास त्यागी जिला धर्म यात्रा महासंघ प्रमुख, विमल शर्मा जिला सह मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख, कु सविता गौर जिला दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका, रामनारायण राय सेवा जिला प्रमुख, भगवान सिंह मीणा प्रखंड अध्यक्ष रायसेन, विक्रम मीणा प्रखंड मंत्री, नवीन पटेल प्रखंड सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया है।

### हिंदू सम्मेलन को लेकर घर घर अक्षत वितरण

**बाड़ी।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर घर घर अक्षत वितरण एवं संपर्क किया। इस अक्षत वितरण अभियान में शक्तिनगर काबड़, पुराना बाजार, बाड़ी कलां में घर घर पहुंच कर स्वयं सेवकों द्वारा हिंदू सम्मेलन में शामिल होने अपील की गई। बता दें कि 18 जनवरी को आयोजन मंगलवारा बाजार दशहरा मैदान बाड़ी में होना है। सम्मेलन में शामिल होने सकल हिंदू समाज से आपील की है।

ग्राम बड़ौदा गांव का मामला

# इलाज कराने गए मरीज से मारपीट, पैर में आईं चोटें



फोटो। फरियादी का घायल पैर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

इलाज कराने गए मरीज के साथ दो सगे भाइयों ने शराब के नशे में पत्थर से जमकर मारपीट कर दी। जिससे मरीज के पैर में गंभीर चोटें आ गईं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बड़ौदा गांव में फरियादी 24 वर्षीय धनराज आदिवासी पिता सूरज निवासी अगरिया उमरावगंज की तबियत खराब थी, जिससे वह इलाज कराने डॉ कमलेश की क्लीनिक पर गया था। क्लीनिक के बाहर शराब के नशे में आरोपी संतोष जाटव और उसका भाई इंदरसिंह जाटव निवासी बड़ौदा ने धनराज के साथ गाली गलौच करने लगे। धनराज ने गाली देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की तथा संतोष ने पत्थर धनराज के पैर में मार दिया, बुरी तरह घायल कर दिया।

गुरुवार को फरियादी धनराज ने थाने में आरोपी संतोष और इंद्रसिंह के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। वहीं घायल धनराज को प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### मेले में दुकानदार से की मारपीट, गंभीर घायल

**सलामतपुर।** हलाली डेम के मिनी पचमढ़ी पर संक्रांति पर्व पर लगे मेले में फरियादी मनीष पिता भगवान सिंह कुशवाह ने मेले में खिलोने की दुकान लगाई थी। दुकान पर आरोपी देवेन्द्र निवासी ग्राम बामोरा ने खिलोने कम कीमत पर नहीं देने पर दुकानदार मनीष के सिर में लोहे की किसी चीज़ से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी मनीष की रिपोर्ट पर आरोपी देवेंद्र के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### शराब के लिए 100 रुपए नहीं देने पर लोहे की रॉड से सिर फोड़ा, युवक घायल

**सलामतपुर।** ग्राम बड़ौदा गांव में रहने वाले इंद्र जाटव पिता बलिराम जाटव के घर उनका छोटा भाई संतोष जाटव संक्रांति पर्व मनाने आया था। तभी शाम लगभग सात बजे उनके घर के सामने गांव के ही दीपक धाकड़ पिता राम सिंह धाकड़ आ गया और शराब पीने के लिए अड़ीबाजी करते हुए सो रुपये मांगने लगा। उन्होंने सो रुपये देने से मना किया तो गाली देने लगा और लोहे की रॉड से इंद्र जाटव के सिर में वार कर हमला कर दिया। जिससे सिर फट गया। और गंभीर चोटें आ गईं। वहीं बीच बचाव करने आए छोटे भाई संतोष को भी लोहे की रॉड से मार दिया। संतोष को भी सिर और आंख के पास गंभीर चोंट आ गईं। पुलिस ने आरोपी दीपक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# प्रधानमंत्री सड़क योजना में ही गारंटी नहीं, अधिकारियों की उदासीनता से करोड़ों की लागत से बनी पुलिया ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जनपद पंचायत बाड़ी की ग्राम पंचायत घोट के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़के, पुलिया अल्प समय में दम तोड़ रही है। प्रधानमंत्री सड़क योजना में भ्रष्टाचार व्यापक स्तर पर पनप रहा है गुणवत्ता और गति सड़कों पर दिखाई नहीं दे रही है।

ग्रामीण अंचलों में प्रधानमंत्री सड़क योजना की शिकायतों के शिकायती पत्र अपना दम तोड़ रहे हैं जांच के नाम पर लीपा पोती हो रही है। निर्माण एजेंसी और उपयंत्री की जुगल जोड़ी इस योजना को सफल नहीं होने दे रही है। ग्राम देहरी से निकली प्रधानमंत्री सड़क योजना हो या चैनपुर से पनागर सड़क या पुलिया के घटिया काम की दास्तान को खुद देखा जा सकता है।



करोड़ों की लागत से 4 किलोमीटर की सड़क योजना में बनी यह पुलिया में निम्न प्रकार की सामग्री का उपयोग तो इस योजना का आधार बन गया है। भ्रष्टाचार की इस पुलिया ने निर्माण एजेंसी और अधिकारियों के काले चश्मे का नाप भी बता दिया है।

लंबाई-मोटाई और चौड़ाई रखी गई है वह खुले आसमान और खुली आंखों से देखी जा सकती हैं। यह पुलिया ग्रामीण लोगों का आवागवन का मुख्य मार्ग है, जब यह पुलिया क्षतिग्रस्त हुई तो कई वाहन इसकी चपेट में आ गए। जान को खतरे में डालकर मंजिल का सफर पूरा किया पर जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में कुंभकरण की तरह सो रहे हैं।

निर्माण एजेंसी को कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र मिल गया उपयंत्री ने मूल्यांकन कर दिया और अंतिम मूल्यांकन का अंतिम सत्यापन वरिष्ठ अधिकारी ने कर दिया सवने अपनी अपनी सुविधा अनुसार प्रसादी ग्रहण कर ली जो आज के सिस्टम में परंपरा है। ग्रामीणों ने करोड़ों की पुलिया निर्माण की जांच कराकर दोषी ठेकेदार एवं कार्य में शामिल नियंत्रण अधिकारी पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

### इनका कहना है

प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनी चैनपुर, पनागर, दिमाड़िया पुलिया पूर्णता क्षतिग्रस्त हो गई। निर्माण एजेंसी से रिकवरी कर पुलिया का पुनः निर्माण कराया जाए। निर्माण का भौतिक सत्यापन करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही हो।

**- कमल सिंह ठाकुर,** सरपंच, ग्राम पंचायत घोट।

### इनका कहना है

यह काम बिहार की कंस्ट्रक्शन कंपनी का था, जिसको काम न करने पर टर्मिनेट कर दिया है। बैलेंस वर्क के लिए उसका टेंडर अभी हेड ऑफिस में लंबित हैं। जैसे ही टेंडर होगा काम किया जाएगा।

**- सौरभ नायक,** सब इंजीनियर।

अब मोतियाबिंद के मरीजों का होगा सफल ऑपरेशन

# जिला अस्पताल में फिर से शुरू हुई आई ओटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को जिला अस्पताल रायसेन में आई ओटी (ऑपरेशन थिएटर) शुरू हो गया है। अब फिर से मोतियाबिंद के मरीजों का सफल ऑपरेशन हो सकेगा। बता दें कि जिला अस्पताल की आई ओटी लगभग 8 माह बंद पड़ी हुई थी, जो कि डॉ. एसी अग्रवाल के संकल्प के साथ फिर से शुरू हो गई है।

अब मरीजों को मोतियाबिंद और अन्य आंखों की बीमारियों के ऑपरेशन के लिए निजी अस्पतालों या दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। आई ओटी का औपचारिक शुभारंभ सेवानिवृत्त वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसी अग्रवाल ने फीता काटकर किया। डॉ. अग्रवाल ने सेवानिवृत्ति के बाद भी अपनी सेवाएं देने का संकल्प लिया है।



उनकी विशेषज्ञता और अनुभव का लाभ अब सीधे तौर पर मरीजों को मिलेगा, जिससे ऑपरेशन की गुणवत्ता और सफलता दर में सुधार की उम्मीद है।

इस अवसर पर डॉ. एके शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान, डॉ. अनिल ओढ़, डॉ. आलोक राय, डॉ. शिवेंद्र मौजूद रहे।

# गढ़ी पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब, आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश अनुसार एवं एएसपी कमलेश खरपुशे व एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में गुरुवार को थाना प्रभारी डीपी लोहिया एवं गढ़ी चौकी प्रभारी वीरेंद्र विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक निरंजन सिंह, आरक्षक संजय देओल ने मुखबिर की सूचना पर 7 पेटी अवैध शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपित जतिन सिलावट पिता परमलाल उम्र 30 साल निवासी वार्ड 12 बूढ़ागंज (गैरतपुर) थाना गैरतगंज अपने साथी शुभम यादव निवासी पेनगवां के साथ बाइक से गैरतगंज से ग्राम उसरमेटा जा रहा था, जो कि अपनी मोटरसाइकिल पर 7 पेटी अवैध शराब रखे हुए थे। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया एवं मौके से साथी शुभम भाग गया।




कार्रवाई में अवैध शराब के 320 क्वार्टर देसी मसाला एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

ग्राम सिंगपुरी में चल रही कथा में कथावाचक पं. शास्त्री ने कहा

# धर्म के प्रति अडिग रहें, निस्वार्थ भक्ति से ही भगवत प्राप्ति संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सिंगपुरी ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित रेवा शंकर शास्त्री ने धर्म, भक्ति और मानव जीवन के गूढ़ रहस्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव धर्म के प्रति अडिग रहना चाहिए। सनातन धर्म अत्यंत पवित्र और मर्यादित धर्म है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक सनातनी का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जिस धर्म में जन्म लिया है, अंतिम प्राण तक उसकी रक्षा करनी चाहिए। यदि धर्म की रक्षा में प्राण भी निछावर हो जाएं, तो ऐसा जीव सीधे भगवान को प्राप्त करता है।



उन्होंने कहा कि किस बात का घमंड है, यह शरीर भी स्थायी नहीं है। शरीर पंच तत्वों से बना है और इस पर अंततः किसी और का अधिकार होता है, जबकि आत्मा परमात्मा की अंश है। धन कब आया और कब चला जाएगा, इसका कोई भरोसा नहीं है। इसी प्रकार यौवन और जवानी भी समय के साथ समाप्त हो जाते हैं, इसलिए मनुष्य को सदैव विनम्र बने रहना चाहिए। विनम्रता से ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है।

कथा व्यास ने भक्तों से आग्रह किया कि भगवान के भक्तों की सेवा करें, धर्म और कर्म के कार्यों में सहयोग दें, क्योंकि इससे भगवान प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि जीव को निरंतर भगवान का चिंतन करना चाहिए।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे पुत्र कहीं बाहर चला जाए तो माता-पिता को हर समय उसकी चिंता बनी रहती है, उसी प्रकार जीव को भी भगवान का स्मरण और चिंतन निरंतर करते रहना चाहिए। केवल यह कहना आसान है कि भगवान से मिलना है, लेकिन उसके लिए सही मार्ग का चयन आवश्यक है। भगवान से मिलने का मार्ग सत्य कर्म, सदाचार और निस्वार्थ भक्ति से होकर गुजरता है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की दिव्य लीलाओं और वामन अवतार की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जन्मोत्सव मनाया।

### भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण किया

उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और अपने विराट स्वरूप से पूरे ब्रह्मांड को नाप लिया। इस कथा के माध्यम से उन्होंने त्याग, समर्पण और अहंकार के त्याग का संदेश दिया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन और आरती में सहभागिता की। वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया।

# बिजली विभाग ने 8 किसानों पर की कुर्की कार्रवाई, चार की मोटर ज़ब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/सलामतपुर

जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कुलहड़िया, महुआखेड़ा एवं हिनोतिया में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एक लाख रुपये से अधिक बकाया बिजली बिल वाले कृषि पंप उपभोक्ता किसानों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान कुल आठ किसानों पर विद्युत कंपनी की टीम द्वारा कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान चार उपभोक्ता किसानों ने मौके पर ही अपनी बकाया राशि जमा कर दी, जिसके बाद उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई रोक दी गई। वहीं शेष चार किसानों द्वारा बकाया राशि जमा न करने पर उनकी बोरवेल से विद्युत मोटर निकालकर जप्त की गई।



इस संबंध में विद्युत कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ता किसानों पर एक लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है, वे शासन द्वारा संचालित समाधान योजना के अंतर्गत अपना बकाया बिल जमा कर योजना का लाभ लें, ताकि कुर्की जैसी कार्रवाई से बचा जा सके।

उक्त कार्रवाई ग्राम कुलहड़िया, महुआखेड़ा एवं ग्राम हिनोतिया में जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार एवं उनकी टीम द्वारा नियमानुसार की गई है।